भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2091
गुरुवार 12 फ़रवरी, 2026/23 माघ, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानपत्तन के बुनियादी ढांचे का उन्नयन

2091. डॉ. कडियम काव्य:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार ने तेलंगाना में विमानपत्तनों पर यात्री सुविधाओं और सुरक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का कार्य शुरू किया है/करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान स्वीकृत, अनुमोदित और निष्पादित किए गए उन्नयन/आधुनिकीकरण कार्यों का विमानपत्तनवार ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त कार्यों के लिए स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई धनराशि का विमानपत्तनवार ब्यौरा क्या है; और
(घ) चल रहे कार्यों को पूरा करने के लिए विमानपत्तनवार निर्धारित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): हवाईअड्डों का उन्नयन और आधुनिकीकरण एक सतत प्रक्रिया है और इसे यात्री मांग पूर्वानुमान, परिचालन आवश्यकताओं और एयरलाइनों की ओर से मांग के आधार पर समय-समय पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और अन्य हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा शुरू किया जाता है। विकास कार्य, भूमि की उपलब्धता, वित्तीय व्यवहार्यता और इच्छित विमान परिचालनों से संबंधित परिचालन आवश्यकताओं के अध्यधीन चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाते हैं।

हैदराबाद हवाईअड्डे पर, यात्री प्रबंधन क्षमता को 12 मिलियन यात्री प्रति वर्ष (एमपीपीए) से बढ़ाकर 34 एमपीपीए कर दिया गया है। कार्गो टर्मिनल-2 को कार्यशील कर दिया गया है और यात्रियों के लिए एक ट्रांजिट लाउंज सुविधा चालू कर दी गई है। इन कार्यों के साथ-साथ अन्य विविध कार्यों को लगभग 1325 करोड़ रुपये की संचयी लागत से पूरा किया गया है। इसके अलावा, हवाईअड्डा प्रचालक ने मुख्य पहुंच मार्ग के विस्तार और ब्रावो टैक्सीवे के विस्तार का कार्य शुरू किया है।

बेगमपेट हवाईअड्डे पर, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने रनवे का पुन:सतहीकरण और अन्य पेवमैन्ट कार्यों, पेरीमीटर रोड को चौडा करने तथा अन्य विविध कार्यों को लगभग 42 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पूरा किया है।

हवाईअड्डे की विकास परियोजनाओं को पूरा करने की समय-सीमा विभिन्न कारकों यथा भूमि अधिग्रहण, अनिवार्य मंजूरियों की उपलब्धता, वित्तीय समापन और परिचालन संबंधी अन्य विमर्शों पर निर्भर करती है।

******